ओ0पी0 सिंह
आई0पी0एस0

पत्र सं0 परिपत्र संख्याः 55/2018

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।
1, तिलक मार्ग, लखनऊ।
दिनांकःलखनऊःअक्टूबर 22, 2018

प्रिय महोदय

आप अवगत ही हैं कि वर्तमान समय में स्वच्छ भारत अभियान के तहत पूरे भारत में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और हम सबका नैतिक दायित्व भी है कि इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने कार्यालयों, राजकीय आवासों के परिसरों तथा आस-पास स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। पुलिस लाइन परिसर, बैरकों एवं आवासीय कालोनियों की साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए आगामी 30 दिनों तक एक विशेष अभियान चलाकर निम्नलिखित कार्यवाही हेतु निदेशित किया जाता है:-

1 पुलिस लाइन में व्यापक स्वच्छता का अभियान चलाया जाये, जिसमें अधिकारियों एवं जवानों के श्रमदान के अतिरिक्त स्थानीय संसाधनों का भी उपयोग किया जाये। इसमें कूड़ा-करकट आदि की सफाई, पुलिस लाइन की नालियों की सफाई तथा पुलिस लाइन में स्थित आवासीय परिसर, बैरकों तथा सीवर लाइन की सफाई कराकर स्वच्छता रखी जाये।

2 पुलिस लाइन, बैरकों और आवासीय परिसरों में डी0डी0टी0 और फागिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव कराया जाये, जिससे मच्छरों द्वारा फैलायी जा रही गम्भीर बीमारियों पर रोक लग सके।

3 प्रायः यह देखा गया है कि आवासीय बिल्डिगों/मकानों की दीवालों पर पौधे उग आते हैं। यदि उन्हें समय पर काटा न जाए तो उनकी जड़ें दीवालों को कमजोर कर देती हैं तथा मकान गिरने का खतरा बना रहता है। इस ओर विशेष ध्यान देकर समय रहते पेड़ पौधों को छंटवाने की आवश्यकता है।

4 आवासीय बिल्डिगों/मकानों, कार्यालयों पर स्थापित पानी की टंकियों की समय-समय पर सफाई कराने की आवश्यकता है, जिससे काई आदि न लग सके।

5 पुलिस कार्यालय तथा पीएसी वाहिनी कार्यालयों में आकस्मिक निरीक्षण कर सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये।

Scanned by CamScanner

6 आवासीय परिसर, बैरिकों में स्वच्छता के लिए आवासित कर्मियों व उनके परिवारों में जागरूकता पैदा करने के लिए सम्मेलन किया जाये।

7 उपरोक्त सम्बन्ध में आप अपने कार्यालयों, वाहिनियों, बैरिकों, पार्क, आवासीय परिसर में स्वच्छता हेतु विशेष अभियान चलाकर देश को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान प्रदान करें तथा पुलिस कर्मियों, पीएसी के जवानों तथा अन्य पुलिस कर्मियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करें।

8 माह में 02 बार साफ-सफाई के सम्बन्ध में अपने कार्यालय, बैरकों, आवासीय परिसरों आदि में आकस्मिक निरीक्षण अवश्य करें जिससे अधिकारियों/कर्मचारियों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बनी रहें।

9 प्रत्येक परिक्षेत्र से एक अच्छी पुलिस लाइन का चयन परिक्षेत्र स्तर से किया जाये एवं जोनल अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रत्येक जोन से एक पुलिस लाइन का चयन कर तथा इसी प्रकार प्रत्येक पी0ए0सी0 सेक्टर से एक पीएसी वाहिनी का चयन सेक्टर स्तर से किया जाये एवं प्रत्येक पी0ए0सी0 जोन द्वारा एक पी0ए0सी0 वाहिनी का चयन कर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को अवगत कराया जाये। इस प्रकार कुल 8 अच्छी पुलिस लाइनों तथा 03 पी0ए0सी0 वाहिनियों के नाम चयन कर सम्मानित एवं पुरूस्कृत किये जाने के लिए भेजा जाये।

भवदीय,

(signature) 23.X.18

(ओ0पी0 सिंह)

समस्त वरिष्ठ पुलिस/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, उ0प्र0।

समस्त सेनानायक,
<u>पीएसी वाहिनी, उ0प्र0।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया इस आशय से कि वह भी स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई के सम्बन्ध में अपने जोनल कार्यालयों परिक्षेत्रीय कार्यालयों तथा जनपदों की पुलिस लाइन/पी0ए0सी0 वाहिनी की बैरकों, आवासीय परिसरों आदि में आकस्मिक निरीक्षण करके दिशा-निर्देश जारी करें, जिससे पुलिस कर्मियों में साफ-सफाई के प्रति जागरूकता बनी रहें।

1 समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक उ0प्र0।
2 समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक उ0प्र0।
3 समस्त पुलिस महानिरीक्षक पीएसी जोन उ0प्र0।
4 समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी सेक्टर उ0प्र0।

Scanned by CamScanner

1- पुलिस लाइन में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाए जिसमें जवानों के श्रमदान के अतिरिक्त स्थानीय संसाधनों का भी उपयोग किया जाए। इसमें कूड़ा-करकट आदि की सफाई, पुलिस लाइन की नालियों की सफाई तथा पुलिस लाइन में स्थित आवासीय परिसर, बैरकों तथा सीवर लाइन की सफाई करायी जाए।

2- पुलिस लाइन बैरकों और आवासीय परिसरों में डी0डी0टी0 और फॉगिंग मशीन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव कराया जाए, जिससे रोग फैलाने वाले मच्छरों आदि पर नियन्त्रण हो सके।

3- पुलिस लाइन में जवानों के स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर आयोजित किया जाए, जिसमें आंखों की जाँच, वर्णान्धता, रक्त अल्पता/खून की कमी, उच्च रक्तचाप, शुगर तथा इसी प्रकार की अन्य नैत्यिक जाँचें की जा सकती हैं।

4- पुलिसजनों के परिवारों में महिलाओं तथा बच्चों की जाँच के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

5- स्वास्थ्य सम्बन्धी शिविरों के आयोजन में निर्विवादित प्रतिष्ठित डाक्टरों, स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता लेने पर विचार किया जा सकता है।

6- मेसों में स्वच्छ और पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाए। भोजनालय, बैरकों एवं मनोरंजन कक्ष के परिसर में इस प्रकार के स्टीकर/पोस्टर लगाए जाएं, जिससे शारीरिक, बौद्धिक और व्यावसायिक दक्षता में सुधार हो। इसका ध्यान रखा जाए कि सभी पोस्टर धर्म निरपेक्ष प्रकृति के हों और आपके अनुमोदन के उपरान्त ही लगाए जाएं।

7- प्रत्येक परिक्षेत्र से एक अच्छी पुलिस लाइन का चयन परिक्षेत्र स्तर से किया जाए। जोनल पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रत्येक जोन से एक पुलिस लाइन का चयन कर मुख्यालय को अवगत कराया जाए। इस प्रकार कुल 8 अच्छी पुलिस लाइनों का नाम चयन कर सम्मानित एवं पुरस्कृत किए जाने हेतु भेजा जाए।

Scanned by CamScanner